संख्या-आई/1472610/9-8099/8/2023-1731385

प्रेषक,

पारस नाथ,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

नगर विकास अनुभाग-8 **लखनऊ: दिनांक 22 सितम्बर, 2026**

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2026-27 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 06 नगर निकायों को अनुदान की स्वीकृति।**

महोदय,

प्रदेश की नगर पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं यथा पेयजल, सैपटेज मैनेजमेंट, सड़क, साइड पटरी, जल निकासी, फुटपाथ, सोलर लाइट/एल0ई0डी0 लाइट, सार्वजनिक शौचालयों, तालाब संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण, चौराहों का निर्माण, पार्क, खेल मैदान का निर्माण/सुधार, सामुदायिक केन्द्र, गौशाला का निर्माण आदि सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन कर नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण सुविधाओं को प्रदान करने तथा नगरों/कस्बों के समेकित एवं नियोजित विकास को प्रोत्साहन देने के उददेश्य से शासनादेश संख्या-777/नौ-8-2018-53ज/2017 टीसी, दिनांक 21 मार्च, 2018 (यथा संशोधित दिनांक 05.01.2019) द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना लागू की गयी है।

2- पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राविधानित धनराशि में से नगर पंचायत सफीपुर, जनपद-उन्नाव, नगर पंचायत कुण्डा, जनपद-प्रतापगढ़, नगर पंचायत गड़वारा बाजार, जनपद प्रतापगढ़, नगर पंचायत सिरौली, जनपद-बरेली, नगर पंचायत छाता, जनपद-मथुरा एवं नगर पंचायत कारीकान धाता, जनपद-फतेहपुर द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के सापेक्ष धनराशि रू. 2400.00 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति की अनुमति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 90 प्रतिशत धनराशि रू0 2160.00 लाख (₹ इक्कीस करोड़ साठ लाख मात्र) को निम्नानुसार अवमुक्त किये जाने हेतु प्रस्तर-3 में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र. स.	कार्य/मद	कार्य/मद की प्रस्तावित लागत की धनराशि (लाख रू0 में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (लाख रू0 में)	प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की जाने वाली धनराशि (लाख रू0 में)
1	2	3	4	5
1-नगर पंचायत सफीपुर, जनपद-उन्नाव।				
1	वार्ड नं0 -8 उन्नाव हरदोई रोड से बखना तालाब पुलिया तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	30.99		

2	वार्ड नं0-11 चौमुखी मंदिर से इमामचौक तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	13.87		
3	वार्ड नं0-11 सीताराम से इमामचौक तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	10.00		
4	वार्ड नं0-13 मौलाने दादा से मिश्रीलाल के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	13.54		
5	वार्ड नं0-08 बाबू पुत्र कालिका के मकान से शारदा शिशु मंदिर तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	12.81		
6	वार्ड नं0-02 कन्या प्राईमरी पाठशाला से सरायशेख मंदिर तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	22.38		
7	वार्ड नं0-03 विनय गुप्ता के मकान से अनिल खाद वाले के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	19.97		
8	वार्ड नं0-12 ट्रांसफार्मर से असद चौराहे तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	10.09		
9	वार्ड नं0-12 असद चौराहे से सफीपुर परियर मार्ग पर सल्ले चौराहे तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	21.73		
10	वार्ड नं0-09 रमालॉन के पीछे गेट से राजू कुशवाहा के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	14.08		
11	वार्ड नं0-09 गोपी विमल के मकान से सचिन गुप्ता के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	7.28		
12	वार्ड नं0-09 अरविंद कुशवाहा के मकान से विनोद के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	3.12		
13	वार्ड नं0-05 नानाराव पेशवा मार्ग से नदीम की दुकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	28.44		
14	वार्ड नं0-09 उन्नाव हरदोई मार्ग से जयदीप के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	11.14		
15	वार्ड नं0-08 कमलकिशोर के मकान के सामने क्रॉस से सफीपुर परियर मार्ग तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	4.37		
16	वार्ड नं0-08 होली चौराहे से शिवाला मंदिर तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	10.95		

17	वार्ड नं0-04 छोटा पासी के मकान से इमाम चौक जुगियाना तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	7.94		
18	नगर पंचायत सफीपुर सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 नग 9 मी0 आक्टोगोनल पोल का अधिष्ठापन कार्य	87.47		
19	नगर पंचायत सफीपुर-उन्नाव में 350 नग 10 वॉट एल0ई0डी0 लाईट एवं 2000मी0 6X4 Sqm. एल्युमीनियम कोर कन्डक्टर पी0वी0सी0 इन्सुलेटेड आर्मड केबिल आपूर्ति का कार्य।	35.43		
20	नगर पंचायत सफीपुर सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 50 नग 7मी0 आक्टोगोनल पोल का अधिष्ठापन कार्य।	35.51		
	योग	401.11	400.00	360.00
2-नगर पंचायत कुण्डा, जनपद-प्रतापगढ़।				
1.	वार्ड संख्या-07 प्रयागराज-लखनऊ मार्ग से नूर मस्जिद होते हुये हनुमान मन्दिर तक पी0सी0 सड़क के निर्माण का कार्य।	9.84		
2.	वार्ड संख्या-07 कृष्ण कुमार के घर से अमृतलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	4.02		
3.	वार्ड संख्या-07 प्रयागराज-लखनऊ मार्ग से प्रभात के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण का कार्य।	6.17		
4.	वार्ड संख्या-12 पटेल मार्केट से करेंटी रोड तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण का कार्य।	4.73		
5.	वार्ड संख्या-11 सुन्दर पटेल के घर से प्रतापगढ़ कुण्डा मार्ग तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण का कार्य।	3.46		
6.	वार्ड संख्या-05 राहुल के घर से उमेश के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण का कार्य।	5.43		
7.	वार्ड संख्या-11 नहर से मोड़ तक इण्टरलाकिंग निर्माण का कार्य।	9.89		
8.	वार्ड संख्या-11 यादव बस्ती से आकाश दीप के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण का कार्य।	8.25		
9.	वार्ड संख्या-09 पी0सी0 सड़क से दीना पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण का कार्य।	13.44		

10.	वार्ड संख्या-04 बुच्चा सोनकर के घर से यादव जी के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	9.99		
11.	वार्ड संख्या-04 करेटी रोड से यादव जी के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	12.32		
12.	वार्ड संख्या-15 महादेव नगर में सी0सी0 सड़क से केशरवानी के घर तक सी0सी0 निर्माण का कार्य।	4.77		
13.	वार्ड संख्या-07 प्रयागराज-लखनऊ मार्ग से टहलू की बाग तक इण्टरलाकिंग एवं नाली के निर्माण का कार्य।	7.80		
14.	वार्ड संख्या-08 ट्रांसफार्मर से नागेश शुक्ला के घर तक इंटरलाकिंग के निर्माण का कार्य।	5.76		
15.	वार्ड संख्या-02 हरी नरायण के घर से छोटे कोहार के घर तक इंटरलाकिंग के निर्माण का कार्य।	5.76		
16.	वार्ड संख्या-05 सा0वि0यो0 की दुकान से जज्जू के घर तक पी0सी0 नवीनीकरण का कार्य।	6.16		
17.	वार्ड संख्या-11 जज्जू के घर से राना के घर तक इण्टरलाकिंग के निर्माण का कार्य।	8.61		
18.	वार्ड संख्या-06 जियालाल के घर से राम सजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग के निर्माण का कार्य।	8.36		
19.	वार्ड संख्या-09 प्रयागराज-लखनऊ मार्ग से मुन्ना पान वाले के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली के निर्माण का कार्य।	7.54		
20.	वार्ड संख्या-07 अनखोरिया सम्पर्क मार्ग से मुस्लिम कमानी के घर तक इंटरलाकिंग एवं नाली के निर्माण का कार्य।	4.29		
21.	वार्ड संख्या-07 अनखोरिया सम्पर्क मार्ग से डॉ0 अब्दुल रब के घर तक इंटरलाकिंग एवं नाली के निर्माण का कार्य।	4.78		
22.	वार्ड संख्या-03 कुण्डा खनवारी मार्ग से आम की बाग तक वार्ड संख्या-07 अनखोरिया सम्पर्क मार्ग से मुस्लिम कमानी के घर तक इंटरलाकिंग एवं नाली के निर्माण का कार्य।	8.64		
23.	वार्ड संख्या-09 रामसुख के घर से नहर तक नाला निर्माण का कार्य।	19.62		

24.	वार्ड संख्या-08 डी0पी0 सिंह के घर से जनता मेडिकल स्टोर तक नाला निर्माण का कार्य।	15.41		
25.	वार्ड संख्या-09 कृपालू प्लाट से पटवा के घर तक नाला निर्माण का कार्य।	11.45		
26.	20 नग मिनी हाईमास्ट के अधिष्ठापन का कार्य।	107.34		
27.	150 नग आक्टागोनल पोल लाइट के अधिष्ठापन का कार्य।	115.99		
	योग	429.82	400.00	360.00
3-नगर पंचायत गड़वारा बाजार, जनपद-प्रतापगढ़।				
1	वार्ड नं0-09 राजापुर कला में काली रोड से संतोष शुक्ला के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	31.59		
2	वार्ड नं0-03 राजापुर कला में रिंकू शुक्ला के घर से संतोष पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	14.84		
3	वार्ड नं0-04 सिरखोरी में चिन्टू की दुकान से मुस्लिम बस्ती तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	66.10		
4	वार्ड डंडवा में रमाशंकर पाण्डेय की ट्यूबवेल से काली सड़क ट्यूबवेल तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	20.84		
5	वार्ड डंड़वा में अमर बहादुर के घर से काली सड़क तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	23.18		
6	नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख स्थानों पर 04 नग हाईमास्ट अधिष्ठापन कार्य।	36.64		
7	नगर पंचायत गड़वारा बाजार क्षेत्रान्तर्गत 07 नग वाटर कूलर का अधिष्ठापन कार्य।	34.99		
8	नगर पंचायत गड़वारा बाजार क्षेत्रान्तर्गत 300 नग 90 वाट स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति कार्य।	31.33		
9	नगर पंचायत गड़वारा बाजार क्षेत्रान्तर्गत 80 नग ओक्टागोनल पोल सह एल0ई0डी0 लाइट का अधिष्ठापन कार्य।	68.50		
10	वार्ड 13 डिहवा में गौरी महाराज के घर से पूर्व की ओर इण्टरलांकिंग निर्माण कार्य।	5.24		

11	वार्ड 15 डंडवा में अशोक सरोज के घर से सोनू सरोज के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	3.64		
12	वार्ड 09 गड़वारा बाजार में हरी राम विश्वकर्मा के घर से हरिश्चन्द्र सोनकर के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	3.67		
13	वार्ड 11 शिवराजपुर में त्रियुगी पाण्डेय के घर से हनुमान मंदिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	18.18		
14	वार्ड 15 डंडवा में काली रोड से इण्टरलॉकिंग तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	5.84		
15	वार्ड 04 सिरखोरी से इमरान के घर से हामिद के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	13.51		
16	वार्ड नं0-10 भदौसी में काली सड़क से मेघई के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	12.71		
17	वार्ड शिवराजपुर में काली सड़क से काली माई थान तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	5.30		
18	वार्ड शिवराजपुर में काली सड़क से हरिजन बस्ती होते हुए सूरज सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	3.94		
	योग	400.04	400.00	360.00
4-नगर पंचायत सिरौली, जनपद-बरेली।				
1	हाई मास्ट पोल विद लाइट (05)	37.86		
2	ओक्टागोनल पोल विद लाइट (150)	105.63		
3	नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य।	39.97		
4	सिरौली-आंवला मार्ग पर दाई तरफ चौराहे से महकूस की दुकान तक सी0सी0 रोड व एजिंग का कार्य।	34.28		
5	सिरौली-आंवला मार्ग पर दाई तरफ संतु लाला के मकान से अतीक सैफी के मकान तक सी0सी0 रोड व एजिंग का कार्य।	34.58		
6	सिरौली-आंवला मार्ग पर दाई तरफ अखिलेश पाण्डेय की दुकान से कमल पाल की दुकान तक सी0सी0 रोड व एजिंग का कार्य।	28.45		

7	सिरौली-आंवला मार्ग पर बायी तरफ चौराहे से ऊंचे गांव वाले पाण्डेय जी के बारातघर तक सी0सी0 रोड व एजिंग का कार्य।	28.38		
8	सिरौली-आंवला मार्ग पर बायी तरफ ऊंचे गांव वाले पाण्डेय जी के बारातघर से गोरी शंकर एजेंसी तक सी0सी0 रोड व एजिंग का कार्य।	34.68		
9	सिरौली-आंवला मार्ग पर बायी तरफ नर्सिंग होम से पाठक जी के खेत तक सी0सी0 रोड व एजिंग का कार्य।	34.61		
10	वार्ड 09 में महताब सिपाही की दुकान से राम औतार लाला की धर्मशाला तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	24.21		
	योग	402.65	400.00	360.00
	5- नगर पंचायत छाता, जनपद-मथुरा।			
1	वार्ड-1 जाटव चौपाल से मुखिया की दुकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	23.12		
2	वार्ड-2 कपिल के मकान से कृष्ण गोपाल पण्डित के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	23.20		
3	वार्ड-2 बी.टी. मंत्रा से गोपाल पण्डित के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	13.46		
4	वार्ड-2 आदिल के मकान से रमेश मिस्त्री के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	7.63		
5	वार्ड-2 सीताराम के मकान से हरीराम के मकान की ओर नाली निर्माण कार्य।	21.95		
6	वार्ड-3 टीटी के मकान से ओमी पण्डित के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	18.57		
7	वार्ड-4 राधाकिशन सोनी वाली गली में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	12.06		
8	वार्ड-4 बलवीर वाटिका से रविकान्त के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	11.59		
9	वार्ड-4 ओल्ड जी0टी0 रोड से हरीराम के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	25.49		

10	वार्ड-4 लोकमणि कान्त के घर से वेदसिंह बाबू के घर की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	6.03		
11	वार्ड-5 राजेश हलवाई की दुकान से कोतवाली आवास की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	15.20		
12	वार्ड-6 में अम्बेडकर बगीची की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	7.84		
13	वार्ड-6 नेपाली के मकान से रामायण बगीची की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	25.32		
14	वार्ड-7 में नारायनी मन्दिर से रतन के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	3.10		
15	वार्ड-7 मोहनश्याम के मकान से भोलू के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	8.13		
16	वार्ड-8 उस्मान के मकान से चन्दन के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	16.19		
17	वार्ड-9 बमन टेलर से पैगांव रोड की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	12.15		
18	वार्ड-9 राकेश पण्डित के मकान से चतुर्भुजी रोड की ओर एवं लिंक गली में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	20.53		
19	वार्ड-10 पैगांव रोड से फोजदार बगीची तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	39.58		
20	वार्ड-10 पैगांव रोड से तौफीक के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	3.29		
21	वार्ड-10 इरफान के मकान से जक्को के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	2.11		
22	वार्ड-10 याकूब टेलर की गली में सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	7.44		
23	वार्ड-11 राधेश्याम प्रजापति के मकान से विजेन्द्र मास्टर के मकान की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	5.61		
24	वार्ड-12 हमीर थोक में किशन मास्टर के घर से शेरा के मकान की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	20.25		

25	वार्ड-2 में चन्द्रकुण्ड सरोवर पार्क का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	26.62		
26	Supply of LED street lights 45 watt confirming to IP 66 protection CAT-AAA ISI mark / module & BIS certified including 5 year replacement warranty complete in all respects.	11.65		
27	Supply of LED street lights 72 watt confirming to IP 66 protection CAT-AAA ISI mark / module & BIS certified including 5 year replacement warranty complete in all respects.	10.28		
28	Supply of LED street lights 150 watt confirming to IP 66 protection CAT-AAA ISI mark / module & BIS certified including 5 year replacement warranty complete in all respects.	7.25		
	योग	405.64	400.00	360.00
	6-नगर पंचायत कारीकान धाता, जनपद-फतेहपुर।			
1	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड संख्या-02 ज्योतिबा फूले नगर में शारदा तिवारी के घर से ननका कोरी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	23.75		
2	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं0-2 ज्योतिबा फूले नगर में राजराज कोरी के घर से लग्गन पासवान के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	24.62		
3	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं9-7 तिलक नगर में अवधेश के घर ननका कोरी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	22.71		
4	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-14 रमाबाई नगर में करन सिंह के घर से गुरूपाल सिंह के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	13.45		
5	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-4 बुद्ध नगर में गोवर्धन लाल के घर से संगमलाल के घर तक	21.27		

	सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।			
6	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-10 पं. दीन दयाल नगर में जनकपुर मेन रोड से राजेन्द्र सिंह के घर तक सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	15.86		
7	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-01 अम्बेडकर नगर में सुरेश मास्टर के घर से तालाब तक सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	8.14		
8	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-03 भीम नगर में लोरी सोनकर के घर से रवि सोनकर के घर तक सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	22.81		
9	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-09 ठा0 दरियाव सिंह नगर में मोबिन के घर से मूल नारायन के घर तक सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	14.18		
10	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-13 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर में अलोपी मन्दिर से फूलचन्द्र के घर तक सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	18.82		
11	नगर पंचायत कारीकान धाता अन्तर्गत वार्ड नं-13 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर में सुभाष केसरवानी के घर से अटेलवा तक सी0सी0 रोड व आर0सी0सी0 के0सी0 नाली का निर्माण कार्य।	20.58		
12	नगर पंचायत कारीकान धाता में प्रकाश व्यवस्था हेतु वार्ड नं0-01 से वार्ड नं0-04 में हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य।	25.27		
13	नगर पंचायत कारीकान धाता में प्रकाश व्यवस्था हेतु वार्ड नं0-05 से वार्ड नं0-07 में हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य।	18.95		
14	नगर पंचायत कारीकान धाता में प्रकाश व्यवस्था हेतु वार्ड नं0-08 से वार्ड नं0-11 में हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य।	25.27		

15	नगर पंचायत कारीकान धाता में प्रकाश व्यवस्था हेतु वार्ड नं0-13 व वार्ड नं0-14 में हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य।	12.63		
16	नगर पंचायत कारीकान धाता में प्रकाश व्यवस्था हेतु वार्ड नं0-12, वार्ड नं0-15 व वार्ड नं0-16 में हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य।	18.95		
17	नगर पंचायत कारीकान धाता में रमपुरवा रोड पर जनकपुर मोड़ से स्वागत द्वार तक प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट पोल के साथ अधिष्ठापन का कार्य।	15.73		
18	नगर पंचायत कारीकान धाता में डिग्री कालेज से सी0एच0सी0 तक प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट पोल के साथ अधिष्ठापन का कार्य।	13.88		
19	नगर पंचायत कारीकान धाता में बाईपास रोड पर खागा मोड़ से नगर पंचायत मोड़ तक प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट पोल के साथ अधिष्ठापन का कार्य।	25.92		
20	नगर पंचायत कारीकान धाता में राजापुर चित्रकूट बाईपास रोड पर प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट पोल के साथ अधिष्ठापन का कार्य।	24.07		
21	नगर पंचायत कारीकान धाता में विभिन्न मुख्य मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट पोल के साथ अधिष्ठापन का कार्य।	24.99		
	योग	411.85	400.00	360.00
	महायोग		2400.00	2160.00

(₹ इक्कीस करोड़ साठ लाख मात्र)

3- नियम व शर्तें/प्रतिबन्ध :-

(1) उक्त धनराशि शासनादेश संख्या-777/नौ-8-2018-53ज/2017 टीसी, दिनांक 21 मार्च, 2018 तथा शासनादेश संख्या-47/नौ-8-2019-53ज/2017 टी0सी0, दिनांक 05-01-2019 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के संबंध में प्रख्यापित दिशा-निर्देश के अधीन स्वीकृत की जा रही है।

(2) यदि निकाय के खाते में धनराशि स्थानान्तरित किये जाने की प्रक्रिया में कोई विलम्ब होता है तो इसके लिए संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा एवं अवमुक्त धनराशि पर मिलने वाले ब्याज की गणना कर जिसे राजकोष में जमा किये जाने की व्यवस्था है, को संबंधित उत्तरदायी अधिकारी से जमा कराया जाएगा।

(3) नगर विकास विभाग के अन्तर्गत ड्रेनेज से संबंधित कराये जाने वाले कार्य निर्गत शासनादेश सं0-1125/9-9-2025-45ज/2021, दिनांक 04-06-2025 में विहित प्राविधानों के अनुसार कराये जायेंगे।

(4) यदि शासनादेश में स्वीकृत कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित हैं तो संबंधित अधिशासी अधिकारी/सबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे शासन/स्थानीय निकाय निदेशालय को तत्काल अवगत करायें।

(5) नगर निकायों द्वारा अवस्थापना निधि/अन्य निधि से निर्मित होने वाली सड़कों के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-2087/9-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07-06-2013 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यो में कहीं पर गुणवत्ता की कमी अथवा निर्धारित मानक के विपरीत कार्य कराये जाते हैं तो इसके लिए संबंधित ठेकेदार अवर अभियन्ता अधिशासी अधिकारी नागर निकाय के अध्यक्ष चयनित आर्किटेक्ट/टाउन प्लानर तथा प्रभारी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत बराबर के उत्तरदायी होंगे।

(7) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा। इसका उल्लेख टेण्डर की शर्तों में किया जाये

(8) स्वीकृत कार्यो को शासन द्वारा अनुमोदित लागत पर ही पूर्ण कराया जायेगा। शासन द्वारा लागत के सापेक्ष यदि कम धनराशि अवमुक्त की गयी है तो उक्त कार्य को योजनान्तर्गत स्वीकृत अन्य कार्यो की बचतों/निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों से पूर्ण कराया जायेगा।

(9) स्वीकृत किये जा रहे कार्यो के कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था एवं कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

(10) स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्य पर ही व्यय की जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन किसी भी दशा में सूची में अंकित कार्यो से अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत कार्य यदि किसी अन्य योजना में सम्मिलित है तो प्रश्नगत धनराशि आहरण करने से पूर्व समस्त अभिलेखों सहित तत्काल शासन को समर्पित कर दी जाय। इसके अतिरिक्त कार्ययोजना के कार्यो में यदि कोई स्थान/कार्य परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना निकाय द्वारा शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

(11) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों द्वारा किया जायेगा।

(12) वित्तीय मामलों से संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/ सहायक लेखाधिकारी अथवा लेखा का कार्य देखने वाला अन्य अधिकारी जैसी भी स्थिति हो सुनिश्चित करेंगे।

(13) आकलित आगणनों में उल्लिखित मात्राओं को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित कार्यदायी संस्था/संबंधित स्थानीय निकाय का होगा। अतएव विभिन्न स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा अवधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(14) इस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के पूर्ण होने के उपरान्त उसकी गुणवत्ता की जांच कराकर वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कुल धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन/निदेशालय/ महालेखाकार कार्यालय को दिनांक 31 मार्च 2027 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि की उपयोगिता अवधि दिनांक 31.03.2027 तक होगी।

(15) जिन निकायों की कार्ययोजना में इण्टरलॉकिंग से संबंधित कार्य सम्मिलित थे, उनको परिवर्तित करते हुए उनके स्थान पर सी.सी. रोड का निर्माण कराया जायेगा। यदि कोई अतिरिक्त व्यय होता है, तो निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों अथवा राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से वहन किया जायेगा।

4- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत अवमुक्त की गयी धनराशि को नागर निकाय द्वारा योजनान्तर्गत राष्ट्रीयकृत बैंक में खोले गये बचत खाते में निर्धारित समयान्तर्गत अंतरित की जायेगी। निकायों का यह दायित्व होगा कि वे उक्त योजना के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाकर कैंसिल्ड चेक सहित तत्काल निदेशक, नगरीय निकाय को उपलब्ध करायेगें।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 21,60,00,000/- (रूपये इक्कीस करोड़ साठ लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-037 लेखाशीर्षक 2217031930500 पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत मानक मद 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत् प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

Digitally signed by
PARAS NATH भवदीय,
Date: 22-09-2026 16:10:28

(पारस नाथ)
अनुसचिव ।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी/राज्यमंत्री जी, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।
3. संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
6. अधिशासी अधिकारी, संबंधित निकाय को इस आशय से प्रेषित कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा योजना की धनराशि को निकाय के खाते में हस्तान्तरित किये जाने हेतु योजना के लिए राष्ट्रीय बैंक में खोले गये बचत खाते के पूर्ण विवरण/कैंसिल्ड चेक के साथ तत्काल निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,
पारस नाथ
अनुसचिव ।